तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 जुलाई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

वेट लिफ्टिंग में किरण ने जीता स्वर्ण पदक 14



रामलला दर्शन के लिए विधायक ने तीर्थयात्रियों को किया रवाना 14



B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## झलप शराब दुकान से बैग में भरकर की जा रही शराब की ढुलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/झलप

अवैध बिक्री के लिए कोचियों को शराब दुकानों से

- कुछ युवक दो बोरियों में शराब भरकर मोटर साइकिल से बेधड़क निकासी कर रहे

शराब कैसे उपलब्ध होती है? इस सवाल को इन तस्वीरों के माध्यम से आसानी से समझा जा सकता है। शराब दुकानों के सीसी टीवी कैमरे कोई काम के नहीं, चौकीदार की आंखों के सामने से शराब बैगों और झोले में भरकर रोज कई खेप निकाली जा रही है। यह तस्वीर है जिले के झलप स्थित शराब दुकान की। जहां कामकाज दिखावे के लिए महज सरकारी है लेकिन, पूरी तरह से अवैध शराब तस्करी का मुख्य अड्डा बन चुकी है। यह तस्वीर बुधवार शाम को ली गई है। जिसमें इन दो चौंकाने वाली तस्वीरों ने उस कड़वे सच को उजागर कर दिया है, जिससे ग्रामीण समाज लंबे समय से जूझ रहा है। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह कुछ युवक दो बोरियों में शराब भरकर मोटर साइकिल से बेधड़क निकासी कर रहे हैं। ना कोई पुलिस की मौजूदगी, ना कोई रोक-टोक। यह नजारा कहीं इस बात का सीधा संकेत तो नहीं कि शराब कोचियों को 'अंदरूनी संरक्षण' प्राप्त है?

मामले को लेकर जिला आबकारी अधिकारी नितेश बैस ने कहा है कि मामले की जांच जरुर कराई जाएगी। स्टाफ की संलिप्तता होने पर कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि 24 नग की मात्रा लागू होने के बाद से परेशानी बढ़ गई है। इकठ्ठा कर ले जायी जा रही शराब बेची नहीं जा सकती, और निर्धारित मात्रा से अधिक होने पर 34(2) की कार्रवाई भी की जाएगी।

### आबकारी विभाग का कहनाः इकट्ठा कर ले जा रहे लेकिन, अब होगी धरपकड़ की कार्रवाई भी

#### गांव-गांव तक पहुंचाई जा रही शराब ठेका से सीधे तस्करों के पास

स्थानीय सूत्रों और ग्रामीणों की मानें तो झलप शराब दुकान से हर दिन दर्जनों बोरी शराब गांवों में भेजी जाती है। यह शराब ठेके से नहीं, बल्कि 'पीछे के रास्ते' से कोचियों के ज़रिए सीधे गांवों के घरों, गलियों और चौराहों तक पहुंचती है। हमेशा देखा जा रहा है कि शराब की बोरियां बाइक में लदती हैं और युवक ले जाते हैं। लेकिन, इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई अब तक सामने नही आई है। एक स्थानीय बुजुर्ग की मानें तो शराब के साथ अपराध और नशे का जाल फैलता जा रहा है। इस तरह की तस्करी ना केवल सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि गांवों में अपराध, घरेलू हिंसा, बेरोजगारी और युवाओं के पतन की जड़ भी बन चुकी है।



#### उच्चस्तरीय जांच हो दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

स्थानीय जागरूक नागरिकों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की मजिस्ट्रेट जांच कराई जाए और आबकारी विभाग की भूमिका पर सीधे सवाल खड़े किए जाएं।

### रोष: 20 वर्षों से केवल वादे और छलावा मिला, इसलिए आज हमें ताली और थाली बजानी पड़ी

## एनएचएम कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोरोना काल में जी जान लगाकर सेवा देने वाले प्रदेश भर के एनएचएम के 16 हजार से अधिक संविदा कर्मियों ने नियमितिकरण की 10 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर स्थानीय संगठन ने बुधवार को प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। बुधवार से शुरु हुए दो दिवसीय प्रदेशव्यापी आंदोलन में कर्मियों ने ताली और थाली बजाकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी का कहना है कि सरकार से कई बार संवाद करने के बाद भी कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ। यह प्रदर्शन केवल ध्यान आकर्षण नहीं, बल्कि सरकार के प्रति अंतिम चेतावनी है। यदि शीघ्र समाधान नहीं निकला, तो यह आंदोलन अनिश्चितकालीन होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने कहा कि प्रदेश के सभी 33 जिलों में हमारे 16,000 से अधिक साथियों ने आज कलेक्टरों के माध्यम से ज्ञापन सौंप दिए हैं। यदि 15 दिन में मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन उग्र रूप लेकर अनिश्चितकालीन किया जाएगा।




#### कर्मचारियों का आक्रोश

सरकार बदल गई, पर संविदा कर्मियों की स्थिति जस की तस बनी हुई है।जनता, जनप्रतिनिधि, विधायक और सांसद लगातार अनुशंसा पत्र दे रहे हैं, लेकिन सरकार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दे रही।

#### मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

नियमितीकरण, ग्रेड-पे निर्धारण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, मेडिकल अवकाश की सुविधा, 27% वेतन वृद्धि, सहित कुल 10 सूत्रीय मांगें, जो 20 वर्षों से लंबित हैं। कोरोना महामारी के दौरान इन्हीं एनएचएम कर्मियों के लिए देशभर में ताली-थाली बजाई गई थी। प्रधानमंत्री ने हमें कोरोना योद्धा कहा था, लेकिन आज भी हम संविदा में शोषित, उपेक्षित और पीड़ित हैं। देश ने सम्मान दिया लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने हमें आज तक स्थायी नहीं किया, ना ही अधिकार दिए।

#### इनकी रही उपस्थिति

छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला इकाई महासमुंद जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे, जिला महिला कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ अरुणा अग्रवाल और कमला तांडी, डॉ बीएल मिश्रा, उत्तम श्रीवास सलाहकार, डॉ मधुराज फिजियो थेरेपिस्ट, आशीष नंद, डॉ देवेंद्र साहू, दूधेश्वर पटेल, मनीष भारद्वाज, डॉ अनुपमा दास, पुष्पा राज पटेल, सुरेंद्र चंद्राकर, नेहा चंद्राकर, मेघा ताम्रकार, खांडेकर, प्रवीण नागदेवे, हितेश कर, अनुसुइया कुर्रे, परमेश्वर सेन आदि शामिल हुए।



## आंदोलन के प्रथम चरण में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी हुए लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महंगाई भत्ता सहित अन्य प्रमुख 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा आंदोलन के प्रथम चरण में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन कलेक्टर महासमुंद को सौंपा गया।

फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन, छग शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, वाहन चालक संघ के प्रांताध्यक्ष मनीष ठाकुर के नेतृत्व में इस आंदोलन की जानकारी देते हुए फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि 2023 में भाजपा के घोषणा पत्र एवं मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों के लिये जो वादा किया गया था उन मांगों को पूर्ति एवं 15 जून 2025 के राज्य स्तरीय बैठक के परिप्रेक्ष्य में कर्मचारियों की मांगों को अविलंब पूर्ण करने हेतु आंदोलन के प्रथम चरण में प्रदेश के सभी जिला एवं ब्लाक मख्यालयों में आज धरना प्रदर्शन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मांगों पर विचार नहीं किए जाने पर राज्य के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए आवाज बुलंद किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रुप से शिव कुमार साहू, राजेश शर्मा, एसपी ध्रुव, राजेश डड़सेना, मनीष ठाकुर, ईश्वर चंद्राकर, मुकेश नामदेव, कमल नारायण यादव, उमेश साहू, मिलाप यादव, चिंताराम साहू, तृप्ति साहू, सरस्वती साहू, विवेकानंद क्षेत्रपाल सहित शिक्षक संघ, तृतीय वर्ग, वाहन चालक राजस्व, पशु चिकित्सा, प्रदेश तृतीय वर्ग, चतुर्थ वर्ग, सहायक शिक्षक फेडरेशन, स्वास्थ्य एवं मैदानी कार्यकर्ता, संविदा कर्मचारी सहित अलग अलग संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे । फेडरेशन की ओर से तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

#### इन प्रमुख मांगों पर कराया ध्यानाकर्षण

फेडरेशन की ओर से चमन चंद्राकर, हेमेन्द्र आचार्य, दिलीप तिवारी, दीपक तिवारी, ईश्वर चंद्राकर, अनिल कोसरिया ने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में मोदी की गारंटी के अनुसार 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दी जावे। वर्ष 2019 से समय समय पर देय महंगाई भत्ते की एरियर्स राशि दी जावे। वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिगुंआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जावे। चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतन, सहायक शिक्षक पर नियुक्त शिक्षक एवं पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतन की स्वीकृति कैशलेस चिकित्सा सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति, छग राज्य के कर्मचारियों को 300 दिन का अर्जित अवकाश, पुरानी पेंशन, सेवा निवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, कार्य भारित, संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किये जाने जैसे प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

### कत्लखाना जाने से बचाए गए तीन मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ओडिशा के कत्लखाना ले जाने से



तीन मवेशियों को बागबाहरा पुलिस ने बचाया। मामले में तीन लोगों के खिलाफ़ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 15 जुलाई को करीबन 10.20 बजे जरिए मुखबिर से सूचना मिली प्राप्त हुआ कि कुछ व्यक्ति एक पिकअप वाहन (छोटा हाथी) में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक बिना चारा पानी की व्यवस्था किए, मवेशियों को शारीरिक यातना देते हुए, रेलवे लाइन के किनारे बागबाहरा से दैहानीभाठा जाने वाले रास्ते की ओर ओडिशा के कत्लखाना लेकर जा रहे हैं।

इस सूचना के बाद बागबाहरा से दैहानीभाठा जाने वाले रास्ते पर पहुंचकर रेलवे पटरी के पास दैहानीभाठा के पहले रेकी करने के दौरान बागबाहरा की ओर से आ रही एक पिकअप वाहन क्र सीजी 06 एच ए 3224 को रोककर तलाशी ली गई। जिसमें 3 व्यक्ति मवेशियों/भैंसों को क्रूरतापूर्वक ले जाते हुए मिले। इनके कब्जे से दो नग भैंसों एवं एक नग भैंस कीमत 18000 रुपए और पिकअप वाहन को बरामद किया गया। आरोपियों ने पूछताछ में अपने नाम टुकेश उर्फ रोहित कुमार आवड़े पिता स्व. खीरप्रसाद आवडे (27 वर्ष) पतेरापाली थाना बागबाहरा, राजकुमार साहू पिता जगदीश साहू (34 वर्ष) खैरटखुर्द थाना कोमाखान, चुम्मनलाल साहू पिता स्व तुलसीराम साहू (39 वर्ष) पटपरपाली थाना कोमाखान का होना बताया गया। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 6,10, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, धारा 112 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे एक युवक पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजा खान पिता जाफर खान (27 वर्ष) निवासी संत रविदास गार्डन के सामने बैसाखू गली महासमुंद, संजय कानन के पास एक धारदार चाकू को लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। जिसे मौके पर पहुंचकर पकड़ा गया और आरोपी के पास से एक स्टील का चाकू बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

### ज्वेलरी शॉप से 90 हजार की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग स्थित एक ज्वेलरी शॉप से 90 हजार के सोने-चांदी के सामानों की चोरी के मामले में तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बिरकोनी निवासी जयंत अग्रवाल पिता अशोक अग्रवाल का ग्राम भोरिंग में धान मंडी के सामने मां शारदा ज्वेलर्स नाम से दुकान है। प्रार्थी को 16 जुलाई की सुबह करीब 5 बजे उसके दुकान का ताला टूटने की सूचना मिली, जब प्रार्थी ने जाकर देखा तो दुकान का ताला टूटा था और एक साईड से शटर खुला था। अंदर जाकर देखा तो सोने की पुल्ली 60 नग कीमत लगभग 60000 रुपए, चांदी का चोटी एवं अंगूठी कीमत लगभग 30000 रुपए कीमत 90000 रुपए की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट करने के मामले में रिपोर्ट के बाद बागबाहरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को तेजीबाई पांड़े निवासी ग्राम कंडीझर बोकरामुड़ा ने बताया कि14 जुलाई की दोपहर 3 बजे उसका पति डोमार चक्रधारी शराब पीकर आया और मुझे आवाज देकर घर अंदर बुलाया। जैसे ही वह घर के अंदर गई तो आरोपी ने मेरी मां से गाली गलौज लड़ाई झगड़ा करती है कहकर गाली देने लगा। मेरे द्वारा गाली देने से मना करने पर उसके पति और सास ने गुस्से में आकर हाथ मुक्का से मारपीट करना शुरू कर दिये। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## महिला को प्रताड़ित करने वाले आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिला को प्रताड़ित करने के मामले

- महिला को प्रताड़ित करने की शिकायत बसना थाना में दर्ज

में बसना थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। बसना पुलिस ने बताया कि बसना में रहने वाली एक महिला ने आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसमें उसने बताया है कि बैकुंडबिहारी यादव पिता सुदरसन यादव निवासी ग्राम खेमड़ा जो कि पहले से शादीशुदा है ने उसे तलाक होने की झूठी जानकारी देकर संबंध बनाया और उसे बसना में अलग रूम में रखा। वह कुछ दिनों तक उसके साथ रहा, जब प्रार्थिया ने कहा कि मेरे साथ रहो या अपने साथ घर ले कर चलो तो उसने टार्चर करते हुए गाली गलौज और मारपीट किया। जिसे लेकर उसने बसना थाने में आवेदन दिया था। इसके बाद आरोपी ने लिखित समझौता किया कि फिर कभी कुछ भी नहीं करूंगा। लेकिन फिर से गाली गलौज व मारपीट करने लगा। बसना पुलिस ने प्रार्थिया के आवेदन पर आरोपी के खिलाफ धारा 85 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## बिजातीपाली में सोने-चांदी व नकदी पार नकाबपोशों ने दिया चोरी को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम बिजातीपाली में दो अज्ञात नकाबपोशों ने घर घुसकर आलमारी से सोने-चांदी व नकद सहित 85 हजार पार कर दी। क्षेत्र में सप्ताहभर में यह दूसरी घटना है। इससे पूर्व 6 जुलाई को भी दो नकाबपोशों ने घर घुसकर चोरी को अंजाम दिया था।



पुलिस के अनुसार 10 जुलाई की शाम 7 बजे बिजातीपाली के पास तालाब मार्ग में स्थित लक्ष्मीचरण पटेल के घर में दो अज्ञात नकाबपोश पहुंचे। उस समय उनकी पत्नी घर में अकेली थी, पहुंचते ही उन्होंने लक्ष्मीचरण के बारे में पूछा। जिसपर पत्नी ने बताया कि वह सरायपाली गए हैं। बाद नकाबपोशों ने घर के अंदर घुसकर आलमारी से नकदी व सोने की माला (वजन ढाई तोला, कीमती कुल 85 हजार रुपए) लेकर फरार हो गए। लक्ष्मीचरण की पत्नी नकाबपोशों को देखकर घबरा गई व गांव वालों को सहायता के लिए बुलाने गई, तब तक नकाबपोश नकदी व सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए थे। बताया गया कि इससे पहले 6 जुलाई की रात गांव के ही संतराम पटेल के घर में भी दो अज्ञात नकाबपोशों ने चाकू दिखाकर जेवरात व नकदी लूटकर ले गए थे। एक सप्ताह में दूसरी घटना से गांव में दहशत का माहौल है। थाना प्रभारी शशांक पौराणिक ने कहा कि अज्ञात नकाबपोशों की पतासाजी की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज मोबाइल लोकेशन, अन्य माध्यम से खोजबीन जारी है, सप्ताहभर के अंदर दूसरी बार हुई घटना को उन्होंने संदेहास्पद बताया।

#### सोने के आभूषण पार

इधर, भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम सरकण्डा में एक मजदूर महिला के घर से चोरों ने सोने के आभूषण पार कर दिए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मजदूर महिला गुलेश्वरी चौहान ने थाने में शिकायत की है कि वह सुबह 11 बजे घर पर थी और सोने का गहना-फल चंपा 6 नग और 2 नग पदक कुल वजन 5.850 ग्राम (अनुमानित कीमत 47 हजार 150) को उतारकर कूलर के ऊपर रखा था। थोड़ी देर बाद जब वह गहना लेने गई, तो गायब था। उसने कहा कि उस दिन कई लोग घर आए थे, जिन पर उसे संदेह है।

### महिला समूह की पहल का नपाध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

## किफायती दर पर भोजन मिलेगा "मां की रोटी" कैंटिन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वालंबन की दिशा में बढ़ते हुए शहर की जय गंगा मैया महिला स्वसहायता समूह द्वारा बुधवार को "मां की रोटी" नामक कैंटिन की शुरुआत की गई। जिसका शुभारंभ नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू एवं उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने किया।

कैंटिन की संचालक महिलाओं ने बताया कि किफायती दर याने मात्र 50 रुपए में आम जनता को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि यह प्रयास महिला सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण साबित होगी। महिला समूहों ने समय-समय पर अपनी कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता सिद्ध की है, और मुझे विश्वास है कि वे इस जिम्मेदारी को भी बखूबी निभाएंगे। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि हमारे नगर की महिलाओं को यह अवसर मिलना गौरव की बात है। उन्होंने कैंटीन में स्वच्छता, गुणवत्ता और स्वाद तीनों मानकों पर खरा उतरने की अपेक्षा जताई। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने महिला समूहों की कार्यक्षमता की सराहना करते हुए कहा कि महिला समूह कोई भी कार्य मन से करें तो उसमें सफलता निश्चित होती है। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद नानू भाई, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार समेत कई नागरिक एवं मां फाउंडेशन मुंबई के विलास कांबले, गणेश गुली, संजय तारम उपस्थित रहे। कैंटीन मार्गदर्शक प्रेमशीला बघेल ने जानकारी दी कि यह कैंटीन नगर पालिका की राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत गठित महिला समूह द्वारा संचालित की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### इंजीनियर भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा इंजीनियर भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत सिविल तथा विद्युत-यांत्रिकी उप अभियंता के रिक्त पदों पर इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति होगी। व्यापम द्वारा लागू किए गए ड्रेस कोड तथा परीक्षा संबंधित अन्य नियम 20 जुलाई को आयोजित होने वाले इस भर्ती परीक्षा से लागू होंगे। इसके लिए व्यापम ने विशेष दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

### बीएएलएलबी की प्रवेश सूची जारी

**रायपुर।** रविवि अध्ययनशाला में संचालित बीएएलएलबी के लिए प्रवेश सूची जारी कर दी गई। जिन छात्रों के नाम सूची में हैं, उन्हें 18 जुलाई तक विधि विभाग में संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। छात्रों की सूची सहित प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज भी रविवि ने साझा किए हैं। किसी तरह की समस्या होने पर छात्र हेल्पडेस्क में संपर्क कर सकते हैं।

### जिला अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए शिविर 18 को

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला अस्पताल पंडरी में थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए 18 जुलाई को विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि स्थानीय लोगों में थैलेसीमिया, इसकी रोकथाम और अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के माध्यम से उपलब्ध उपचार के बारे में जागरूकता पैदा करनी है। शिविर में निशुल्क एचएलए परीक्षण और विशेष चिकित्सा परामर्श तथा उपचार की व्यवस्था रहेगी। यदि आवश्यक हो तो रोगियों और परिवारों को आगे की देखभाल और उपचार विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर में जिला अस्पताल पंडरी के विशेषज्ञ डॉक्टर एवं फोर्टिस मेमोरियल इंस्टिट्यूट गुरुग्राम के विशेषज्ञ डॉ. विकास दुआ अस्थि, मज्जा प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. परमिंदर पाल सिंह, रक्त विकार विशेषज्ञ एवं ऑनकोलॉजिस्ट क्रॉस फाउंडेशन रायपुर की टीम द्वारा किया जाएगा।

### विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की दी जानकारी

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के पुनः उन्मुखीकरण पर सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में लागू स्नातक पाठ्यक्रमों में नई शिक्षा नीति की एक वर्ष की सफलता और आवश्यक सुधारों पर विचार-विमर्श करना था। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं संभागायुक्त महादेव कावरे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति न केवल नए रोजगार के अवसर पैदा करेगी, बल्कि युवाओं को उनकी स्थानीय ज्ञान एवं परंपरा से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखेगी।

### निगम में ईई का नवीन पदस्थापना आदेश

**रायपुर।** निगम आयुक्त विश्वदीप ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से मंगलवार को आदेश जारी कार्यपालन अभियंताओं की नवीन पदस्थापना की है। इसके अंतर्गत जोन 10 के कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा को जोन 6, जोन 6 प्रभारी कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा को जोन 10 भेजा गया है। मुख्यालय कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव को जोन को जोन 9, नगर निगम मुख्यालय कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर जोन 9 और जोन 10 कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला को मुख्यालय विद्युत विभाग का कार्य सौंपा गया है। जोन 1 के कार्यपालन अभियंता गजानंद कंवर अब मुख्यालय में उद्यान, संस्कृति, खेलकूद और युवा कल्याण विभाग का कार्य, जोन 9 के कार्यपालन अभियंता पदमाकर श्रीवास को जोन 8 कार्यपालन अभियंता पद पर नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया है। आयुक्त की ओर से जारी यह प्रशासनिक आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

# ओपन विवि : कुलपति के लिए मिली थी 76 अर्जी, 10 को साक्षात्कार के लिए बुलावा, इनमें मात्र 2 प्रदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि को इस माह नया कुलपति मिल सकता है। कुलपति चयन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। केवल राजभवन से नामों की घोषणा शेष है। बिलासपुर स्थित प्रदेश के एकमात्र शासकीय ओपन विवि के लिए 7 मई तक आवेदन मांगे गए थे। इसके लिए 76 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनकर्ताओं में प्रदेश के विश्वविद्यालयों में सेवाएं दे रहे प्राध्यापकों के साथ अन्य प्रदेशों के प्रोफेसर और कुलपति भी शामिल रहे। प्राप्त आवेदनों में से 10 का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया था। इन कैंडिडेट्स का साक्षात्कार 28 जून को हुआ। पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उम्मीदवारों ने विश्वविद्यालय के लिए अपनी रणनीति बताई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन 10 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था, उनमें से मात्र 2 प्राध्यापक ही छग से हैं। शेष दूसरे राज्यों के हैं। ओपन यूनिवर्सिटी का जिम्मा फिलहाल संभागायुक्त, बिलासपुर संभाल रहे हैं। अन्य विश्वविद्यालयों की तरह ओपन विवि में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति विभिन्न चरणों में आयोजित की जा रही है। कुलपति का पद रिक्त होने के कारण कई तरह की जटिलताएं इसमें आ रही हैं।

## 7 मई तक मांगे गए थे आवेदन, 28 जून को हुआ इंटरव्यू

### जो कहीं कुलपति, वे उम्मीदवार रेस से बाहर

ऐसे उम्मीदवार जो वर्तमान में किसी विवि में कुलपति के पद पर कार्यरत हैं, उनका चयन साक्षात्कार के लिए नहीं किया गया। इन्हें पहले ही रेस से बाहर कर दिया गया था। कुलपति चयन की प्रक्रिया में यह बदलाव पिछली कुछ नियुक्तियों से किया जा रहा है ताकि नए व्यक्ति के अनुभव और कार्यशैली का लाभ छात्रों को मिल सके। बीते दिनों राज्य में हुई कुलपति भर्तियों में से अधिकतर में यह पैटर्न अपनाया गया था। सूत्रों के अनुसार, जिन 10 लोगों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था, उनमें से सभी वर्तमान में प्राध्यापक पद पर सेवाएं दे रहे हैं।



### इन्होंने किया था आवेदन

जिन 76 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, उनमें रायगढ़ विवि के कुलपति डॉ.ललित पटेरिया, अंबिकापुर विवि के प्रो.श्रीवास्तव, गुहावटी विवि की भारती दास, पं.रविशंकर शुक्ल विवि के प्रो.शम्स परवेज सहित मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के एक प्राध्यापक का नाम शामिल है। छग के जिन दो प्राध्यापकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है, उनमें एक रविवि से हैं।

# कलेक्टर ने किया स्कूल, आंगनबाड़ी, इंजेक्शन वेल और पीएम जनमन आवास का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद विकासखंड के ग्राम बनपचरी में कलेक्टर विनय लंगेह द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं और संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय विद्यालय, इंजेक्शन वेल और प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों का जायजा लिया। ग्राम बनपचरी में आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वहां उपलब्ध सुविधाओं, पोषण आहार की गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति, टीकाकरण और स्वच्छता की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि बच्चों को समय पर गर्म भोजन, साफ-सफाई और पोषण से भरपूर आहार सुनिश्चित कराया जाए। कलेक्टर ने केंद्र में कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। साथ ही देने वाले गरम भोजन की भी जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती माताओं को नियमित पूरक पोषण आहार वितरण की भी जानकारी ली। साथ ही पंजी संधारण करने के निर्देश दिए। पश्चात कलेक्टर ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल और प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर शिक्षण कार्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया तथा विद्यार्थियों से संवाद भी किया। शिक्षकों की



उपस्थिति, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षण सामग्री की उपलब्धता एवं भौतिक अधोसंरचना की स्थिति की भी उन्होंने जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों से संवाद करने के दौरान कहा कि मोबाइल का कम से कम उपयोग करें। उन्हांने जीवन में पढ़ाई के महत्व को बताते हुए कहा कि कठिन मेहनत और लगन का कोई विकल्प नहीं है। वर्तमान में नींव मजबूत होगा तभी भवन टिक सकेगा। विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए अपने अनुभव भी साझा किए। तत्पश्चात निर्माणाधीन प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को दिए गए मकानों का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने निर्माण की गुणवत्ता और आवास में मूलभूत सुविधाओं की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधूरे कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। इस दौरान महिला समूहों को सेंट्रिंग प्लेट व्यवसाय देने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम में उन्होंने जनभागीदारी से जल संरक्षण के तहत बनाए गए इंजेक्शन वेल का निरीक्षण भी किया। उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण के आसान उपयों को अपनाने के लिए सुझाव दिए। कलेक्टर ने कहा कि अपने घरों के आसपास सोख्ता गड्ढा अवश्य बनाएं और बंद पड़े बोर को इंजेक्शन वेल के रूप में तब्दील करें। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, जनपद पंचायत सीईओ बीएस मांडवी, ग्राम सरपंच सहित अन्य स्थानीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से फील्ड में जाकर कार्यों की प्रगति पर नजर रखें और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक समाधान के लिए निर्देश दिए।

### युवती से मारपीट मोबाइल छीना

**महासमुंद।** मोबाइल छीन कर युवती से मारपीट करने के मामले में आरोपी के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थिया पूजा वैष्णव निवासी ग्राम हाड़ापथरा ने बताया कि 14 जुलाई को वह घर पर अकेली थी और उसके माता-पिता ग्राम बरोली बाजार गये थे। शाम करीबन 6 बजे गांव का हेमकुमार बरिहा आया और उस पर चिल्लाते हुए बोला कि तेरी मां कहां है उससे बात कराओ तब वह अपने मोबाईल से अपनी मां को फोन लगाकर बात कराई। उसके बाद हेमकुमार बरिहा उसके मोबाईल को लेकर जाने लगा, जब उसने अपने मोबाइल को वापस मांगा तो आरोपी हेमकुमार बरिहा ने वाद विवाद कह कहा कि तेरी मां पैसा लग रही है, जब पैसा वापस देगी तब मोबाइल को दूंगा कहकर अपने घर चला गया। प्रार्थिया जब अपना मोबाइल लेने के लिए हेमकुमार के पीछे-पीछे उसके घर गयी तो आरोपी ने गाली गलौच कर थप्पड़ से मारा व जान से मारने की धमकी दी। बाद में जब उसकी मां आई तो उसके साथ भी आरोपी ने गाली गलौज किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# ग्रीन आर्मी और नगर निगम ने मिलकर रखी 'डेंस फॉरेस्ट' की नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रकृति के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए ग्रीन आर्मी संस्था ने नगर निगम रायपुर के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण वृक्षारोपण अभियान चलाया। संस्था के मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि हिमालयन हाइट्स देवपुरी के सामने 1500 पौधे लगाकर एक सघन 'डेंस फॉरेस्ट' (घना जंगल) की नींव रखी गई है। इस वन की पूरी देखरेख की जिम्मेदारी ग्रीन आर्मी को सौंपी गई है। यह पहल न केवल रायपुर के हरित भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का भी प्रतीक है। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू और जोन-10 के कमिश्नर विवेकानंद दुबे ने भी इस अभियान की सराहना की। प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे ने सभी उपस्थितजनों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भोलाराम साहू एमआईसी सदस्य, नगर निगम पर्यावरण, गुरदीप टुटेजा रायपुर जिला अध्यक्ष, मोनिका बागरेचा, भारती श्रीवास, विनीत शर्मा और ग्रीन आर्मी के अन्य जोन के सदस्य उपस्थित थे।



# लक्ष्मीनारायण मंदिर में महामृत्युंजय मंत्र जाप, श्रावण मास होंगे अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

नगर के लक्ष्मीनारायण मंदिर में पूरे श्रावण माह तक सवा ग्यारह लाख महामृत्युंजय जाप अनुष्ठान अनेक यजमानों के सहयोग से शारदा देवी पीठ मैहर के आचार्यो द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है। मंदिर के प्रमुख पुजारी गुरु नारायण के सानिध्य में यह अनुष्ठान सम्पन किया जा रहा है।इस अनुष्ठान का उद्देश्य व्यक्ति के जीवन को दीर्घकालिक स्वास्थ्य, समृद्धि और शांति प्रदान करना व ब्राह्मणों द्वारा सवा ग्यारह लाख महामृत्युंजय जप करने से यह माना जाता है कि व्यक्ति के जीवन मंप



आने वाली कठिनाइयों और समस्याओं से मुक्ति मिलती है और उन्हें सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। यह एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसे पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ किया जाता है। और इसमें समय और प्रयास की आवश्यकता होती है। महामृत्युंजय मंत्र भगवान शिव का प्रिय व बहुत असरदार मंत्र है। इसे रुद्र मंत्र या महामंत्र के नाम से भी जाना जाता है, जो भगवान शिव के उग्र रूप को दर्शाता है। इस मंत्र का उल्लेख हमारे वेदों में भी मिलता है। ऋग्वेद और यजुर्वेद में इस मंत्र की महिमा का वर्णन मिलता है। ऐसा माना जाता है कि इस मंत्र के जाप से अकाल मृत्यु के भय से छुटकारा मिल जाता है। व्यक्ति को लंबी आयु प्राप्त है और वह निरोगी रहता है। माना जाता है की आदि शंकराचार्य को भी इसी मंत्र से जीवन की प्राप्ति हुई है। यह मंत्र सभी रोगों को दूर करने वाला है। इसके जाप से घर में सकारात्मक्ता तो बढ़ती है। साथ ही सभी प्रकार के कष्टों से भी छुटकारा मिल जाता है। इस मंत्र का जाप मुख्य रूप से दीर्घायु पाने के लिए किया जाता है।

# ओपन एग्जाम के लिए स्कूलों को देना होगा इन्फ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक सपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ओपन स्कूलिंग की परीक्षा के लिए विद्यालयों द्वारा एनआईओएस अर्थात नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग को परीक्षा केंद्र, इन्फ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराए जाएंगे। इसके लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अपने सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों से अपील की है। सीबीएसई ने एक सर्कुलर जारी करते हुए स्कूल प्रिंसिपलों और संस्थान प्रमुखों को निर्देश दिया है कि वे कि वे नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग के आगामी सार्वजनिक इम्तिहानों में पूरी तरह से सहयोग करें। कई स्कूलों द्वारा अपने भवन को परीक्षा केंद्र के



■ 12वीं की पूरक परीक्षाएं समाप्त 10वीं की 22 जुलाई तक

रूप में प्रदान नहीं करने सहित कई तरह की शिकायतें समय-समय पर मिलती रही हैं। इन शिकायतों को देखते हुए सीबीएसई ने यह सर्कुलर जारी किया है, ताकि ओपन स्कूलिंग के जरिए पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र सहित अन्य सुविधाएं प्रदान करने में सुविधा हो।

### पूरक परीक्षाएं प्रारंभ

सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई हैं। 12वीं के सभी विषयों की पूरक परीक्षा एक ही दिन में आयोजित की गई, जबकि 10वीं की पूरक परीक्षाएं 22 जुलाई तक चलेंगी। प्रवेश पत्र अपलोड करने के अलावा केंद्रों पर परीक्षा सामग्री पहुंचाई जा चुकी है। रीडिंग के लिए 15 मिनट का समय दिया गया। परीक्षा केंद्र पर कम्युनिकेशन डिवाइस सहित अन्य चीजों पर प्रतिबंध रहा। छात्रों को समय से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने कहा गया था, ताकि जांच सहित अन्य गतिविधियां सुचारू रूप से हो सके।

# राज्य में अब कोरोना के केवल सात एक्टिव केस, 2 घर पर और 5 अस्पताल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में अब कोरोना के एक्टिव केस घटकर मात्र सात रह गए हैं। इनमें दो होम आइसोलेशन में अपना इलाज करवा रहे हैं और पांच अस्पताल में भर्ती हैं। राज्य में अब तक कोरोना के कुल 230 केस सामने आ चुके हैं, जिसमें तीन लोगों की मौत भी हो चुकी है। विभागीय स्तर पर कोरोना की नियमित रिपोर्टिंग हो रही है, मगर आम लोगों के बीच इसका स्तर सर्दी-खांसी की समस्या से अधिक नहीं है। प्रदेश में कोरोना का पहला मामला मई के अंतिम सप्ताह में सामने आया था। उस दौरान दूसरे राज्यों में इसका संक्रमण बढ़ने के बाद यहां अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही थी। विभाग का ध्यान भी अस्पतालों में मौजूद व्यवस्था की तरफ गया था। कुछ दिनों तक नियमित रूप से चार पांच केस सामने आ रहे थे, जिसे लेकर थोड़ा डर का माहौल बनने लगा था। इस बीच केंद्र स्तर पर इस बात की पुष्टि हो गई कि कोरोना अपने बदले स्वरूप के दौरान ज्यादा असरदार नहीं है। इसके बाद इसकी जांच में थोड़ी शिथिलता बरती गई। कोरोना के लक्षण बेहद सामान्य हैं, इसलिए ज्यादातर लोगों को घर में रहकर सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। अस्पताल तक वही लोग पहुंचे, जिन्हें दूसरी बड़ी बीमारी थी और जांच के दौरान उनमें कोरोना निकल आया था। मंगलवार को एक भी नया केस सामने नहीं आया और एक पुराने संक्रमित के ठीक होने के बाद एक्टिव केस सात रह गए हैं। इनमें से पांच लोग दूसरी तरह गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं।

### समय-समय पर उतार-चढ़ाव

महामारी नियंत्रक डॉ. एसके पामभोई के मुताबिक कोरोना का प्रभाव बेहद कमजोर हो चुका है। एंफ्लूएंजा समूह के वायरस समय-समय पर अपना स्वरूप बदलते हैं। नया स्वरूप कैसा होगा, यह उसके सामने आने के बाद पता चलता है। लोगों को ऐसी बीमारियों से बचाव के लिए थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

*मेडिकल कॉलेज में हॉस्टल निर्माण की मांग को लेकर एनएसयूआई ने घेरा स्वास्थ्य मंत्री निवास*

# छात्रों ने मांगी रहने की जगह, पुलिस संग झड़प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मेडिकल कॉलेज में हॉस्टल निर्माण की मांग को लेकर छात्रों ने मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री निवास का घेराव किया। एनएसयूआई द्वारा यह विरोध-प्रदर्शन किया गया। राजधानी के पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में वर्षों से छात्रावास निर्माण लंबित है। इसकी मांग लेकर एनएसयूआई ने प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निवास का घेराव किया। निवास घेराव के लिए आगे बढ़ रहे छात्रों को पुलिस द्वारा रोके जाने के प्रयास में तीखी झड़प की स्थिति उत्पन्न हो गई। पहले लेयर के बैरिकेड्स को छात्रों ने कर लिया।

पहले लेयर की बैरिकेड पार करने के बाद प्रदर्शनकारी छात्रों को रोकने पुलिस द्वारा हल्का बल प्रयोग किया गया। इसके बाद घंटेभर तक नारेबाजी चलती रही। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष तारीक अनवर खान ने किया। प्रदर्शन में प्रदेश सचिव कुणाल दुबे, अतिक मेमन, जिला महासचिव संस्कार पांडे, आशीष बाजपाई, शत्रुंजय शुक्ला, मोहम्मद जिशान, कपिल दानदे, नितिन सागर, अथर्व श्रीवास्तव सहित अनेक एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### प्रभावित हो रही पढ़ाई

प्रदर्शन कर रहे छात्रनेताओं ने कहा कि छात्र हॉस्टल नहीं मांग रहे, बल्कि अपने हक की जमीन मांग रहे हैं। यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया, तो मेडिकल छात्रों के समर्थन में प्रदेशव्यापी आंदोलन खड़ा किया जाएगा। यह केवल भवन निर्माण की नहीं, बल्कि छात्र गरिमा और सुरक्षित शिक्षा के अधिकार की लड़ाई है। जिला महासचिव संस्कार पांडे ने कहा कि सैकड़ों मेडिकल छात्र किराए के कमरों में असुरक्षित वातावरण में रहने को मजबूर हैं, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। एनएसयूआई ने कहा, जब तक रायपुर मेडिकल कॉलेज में छात्रावास निर्माण को लेकर स्पष्ट और समयबद्ध निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन क्रमबद्ध रूप से जारी रहेगा। हॉस्टल के मुद्दे को लेकर एनएसयूआई पहले भी विरोध दर्ज करवा चुकी है।



# उत्तरी हिस्से में दिखने लगा प्रभाव शहर में शाम बाद मामूली बारिश

## दोपहर बाद छाए रहे बादल पर नहीं हुआ ज्यादा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बंगाल की खाड़ी में बने नये सिस्टम का असर प्रदेश की उत्तरी इलाके में दिखने लगा है। मंगलवार को रायगढ़, बिलासपुर समेत कई इलाकों में बारिश हुई। राजधानी रायपुर समेत मध्य हिस्से में दोपहर तक मौसम सामान्य रहा फिर बादल छाए और देर शाम हल्की बारिश हुई। बुधवार को बिलासपुर और सरगुजा संभाग में भारी बारिश और रायपुर, दुर्ग में हल्का असर रहने की संभावना है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक तैयार सिस्टम की दिशा में थोड़ा बदलाव होने की वजह इसका प्रभाव एक दायरे में सिमट गया है। रायपुर में इसका सामान्य और बस्तर में बेहद मामूली असर होना है। मंगलवार को सिस्टम का प्रभाव नजर आया और उत्तरी हिस्से के दोनों संभाग में जमकर बारिश हुई। पिछले चौबीस घंटे में सरगुजा संभाग के लटोरी में 8, चांदो में 7, कुनकुरी में 6 और रामानुजगंज, मालखरौदा, सामरी, कोटाडोल, बलरामपुर में 5 सेमी. तक बारिश हुई। मंगलवार को दिन में बिलासपुर, पेंड्रा, अंबिकापुर में बारिश हुई।अगले चौबीस घंटे में भी इसी तरह का असर रहने की संभावना है। अभी एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर झारखंड और उससे लगे दक्षिण बिहार के ऊपर स्थित है। जो झारखंड दक्षिण बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश की तरफ अगले 24 घंटे में आगे बढ़ने की संभावना है।मानसून द्रोणिका बीकानेर, उत्तर राजस्थान, हमीरपुर, उत्तर झारखंड, कोंटई और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



विशाखापट्टनम के प्रख्यात हॉस्पिटल्स में 10 वर्षों से अधिक अनुभव
हड्डी, जोड़ प्रत्यारोपण, स्पाइन सर्जरी एवं आर्थोस्कोपी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप सराफ अग्रवाल
MS (Orthopedics), FIJR, FESS, FIAS

• एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, जोड़ो के दर्द,
• कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण,
• स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) संबंधित परेशानी,
• स्पोर्ट्स इंजुरी, लिगामेंट हेतु दूरबीन पद्धति,
• आर्थोस्कोपी ये सभी इलाज और ऑपरेशन
अब बसना में प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME
MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
राशन कार्ड/आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज
किफायती दरों पर इलाज की सुविधा उपलब्ध.

## खबर संक्षेप

### ढाई किलो डोडा जब्त विक्रेता गिरफ्तार

**रायपुर।** कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को डोडा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मंगलवार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति महिला थाने के पास डोडा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी शेख अब्दुल कादर उर्फ अब्दुर निवासी काशीराम नगर तेलीबांधा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक थैले में रखा 2.530 किलोग्राम डोडा बरामद किया। इसके अलावा उसके कब्जे से डोडा बिक्री के 15 सौ रुपए तथा एक मोबाइल जब्त किया। पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 15, 29 नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### सट्टा खिलाते धरे गए दो सटोरिए

**रायपुर।** गोबरा नवापारा पुलिस ने दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 14 जुलाई को सूचना मिली थी कि ग्राम कुर्रा स्थित महर्षि ढाबा के पास कुछ व्यक्ति सट्टा खिला रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर किशन गिलहरे एवं अजय कुमार साहू निवासी गोबरा नवापारा को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी 7230 रुपए एवं सट्टा पट्टी पर्ची जब्त की। दोनों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### जमीन बिक्री में मुनाफा दिलाने का झांसा, 32 लाख ठगे

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने ठगी के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी तारण दास डहरिया निवासी सेजबहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दिवाकर औसरिया ने जमीन की खरीदी-बिक्री में मुनाफा कराने का झांसा देकर उससे 32 लाख 55 हजार रुपए लिए थे। पैसे लेने के बाद उसे मुनाफा दिलाना छोड़ उसके दिए पैसे भी लौटाने में टालमटोल की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

### फिल्मी स्टाइल में ई-रिक्शा पर स्टंट, 3 हजार जुर्माना

**रायपुर।** फिल्मी स्टाइल में ई-रिक्शा में स्टंट करने वाले चालक से पुलिस ने तीन हजार रुपए जुर्माना वसूल किया। ई-रिक्शा चालक ने फिल्मी स्टाइल में वाहन का पहिया उठाकर स्टंट करने का रील बनवाया था, जिसे सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। इस वीडियो को देखकर रायपुर पुलिस ने संज्ञान में लिया और ई-रिक्शा के पंजीयन नंबर से उसके चालक का पता लगाया। पुलिस ने चालक मो. मोहसीन निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उससे जुर्माना वसूल किया तथा भविष्य में दोबारा गलती नहीं करने की शपथ दिलाई।

# पालिकाध्यक्ष ने ली शहरी आजीविका मिशन प्रभारियों की बैठक, हुई चर्चा

## नपाध्यक्ष ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी शहरी आजीविका मिशन छग को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा करने प्रभारियों की बैठक ली। इस दौरान शहरी आजीविका मिशन के तहत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में प्रभारियों ने नपाध्यक्ष को आजीविका मिशन के योजनाओं के संचालन में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया।

जिसमें प्रमुख रूप से दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का वेबसाइट पोर्टल बंद होने के कारण किसी भी



प्रकार की नये एंट्री नही हो पा रहा है। जिससे व्यक्तिगत ऋण, समूह ऋण, बैंक लिंकेज . समूह निर्माण का एंट्री बाधित हो रहा है, स्वनिधि योजना का कार्य विगत कुछ माह से बंद है। जिससे नये हितग्राहियों को उक्त योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। अमृत 2.0 के तहत वूमैन फॉर ट्री (एक पेड़ मां के नाम) के अंतर्गत वृक्षारोपण किया जाना है। परंतु, वर्तमान में उक्त योजना का किसी प्रकार का स्वीकृति नहीं मिली है, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों का मासिक वेतन मे निरंतता नहीं होने से कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर नपाध्यक्ष साहू ने तत्काल उक्त सभी समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन छत्तीसगढ़ को पत्र प्रेषित किया है। बैठक के दौरान मुख्य रूप से मिशन मैनेजर दीपक तिवारी, सीईओ ममता बग्गा, राखी ठाकुर, कंप्यूटर ऑपरेटर पुरुषोत्तम श्रीवास, गणेश सेंद्रे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास के अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आज शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एवं पदेन सचिव, जिला खनिज संस्थान न्यास एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, सचिव एवं सदस्यगण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में पूर्व में स्वीकृत योजनाओं व निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 तक पूर्ण कार्य, प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्य की देनदारी पर समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित



कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, अन्यथा उन्हें निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर लंगेह ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खनिज न्यास की निधि के अंतर्गत स्वीकृत पूर्व के कार्यों का उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं पूर्णतः प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने सभी क्रियान्वयन एजेंसियों को हर माह की 05 तारीख तक मासिक प्रतिवेदन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समस्त कार्यों की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यों के लिए राशि की मांग करने के निर्देश दिए हैं।बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, पशुपालन, कृषि, विद्युत, उद्यानिकी, सिंचाई, जनपद तथा अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्य योजनाओं का पारदर्शी तरीके से क्रियान्वित करने और जनता को अधिकतम लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

# प्राथमिक शाला मुड़ागांव के शाला विकास समिति के अध्यक्ष मनोनीत हुए अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत तुपकबोरा आश्रित ग्राम मुड़ागांव के शासकीय प्राथमिक शाला के शाला विकास प्रबंधन समिति की बैठक आहूत की गई। नए सत्र के प्रारंभ में प्रधान पाठक बिंदुराम पटेल ने शाला विकास प्रबंधन समिति एवं पालकों की आवश्यक बैठक आहुत कर नए कार्यकारिणी के पुनर्गठन एवं अन्य आवश्यक विषयों पर उपस्थित पालकों व नागरिकजनों से चर्चा की गई।

चर्चा परिचर्चा उपरांत उपस्थित लोगों एवं पालकों की सर्व सम्मति से अजय ध्रुव को प्राथमिक शाला मुड़ागांव के शाला विकास प्रबंधन



समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक बिंदुराम पटेल, उपसरपंच चंद्रकांत साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष राजकुमार ध्रुव, भाजपा युवा नेता पीतांबर साहू, पूर्व उपसरपंच लीलाधर ध्रुव, भानसिंह ध्रुव, मुन्नालाल ध्रुव, हरिचरण साहू, प्रेमा बाई ध्रुव, बुधाबाई हुमन, उर्मिला साहू, हुमन बाई टंडन, कुमसिंह ध्रुव, नासकेत ध्रुव, दीपक विश्वकर्मा, रोहित टंडन, हरीश बरिहा, भेखराम बरिहा, लेखराज बरिहा, अमितेश बरिहा, सतीश यादव आदि उपस्थित रहे।

### विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष बने हर्षवर्धन बसंत को जिला मंत्री की जिम्मेदारी

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा



महासमुंद जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी हर्षवर्धन चंद्राकर को दी गई है। वहीं, जिला मंत्री बसंत देवता बनाए गए हैं। संगठन ने यह जिम्मेदारी विहिप संगठन में दोनों युवाओं की सक्रियता, कार्य कुशलता तथा परिषद के कार्यों के प्रति इनकी समर्पण को देखते हुए दी है। जिलाध्यक्ष हर्ष वर्धन चंद्राकर ने कहा कि परिषद ने जो जिम्मेदारी दी है, उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। जिले में परिषद के कार्यों को प्राथमिकता के साथ समर्पित भावना से पूर्ण किया जाएगा। विहिप के छत्तीसगढ़ प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय ने नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि पूर्व में महासमुंद जिला टोली को भंग किया गया था। प्रांत टोली की अनुशंसा पर नई जिला टोली की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि दोनों पदाधिकारी सक्रिय, समर्पित कार्यकर्ता हैं। इनकी नियुक्ति से जिले में विहिप कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। उन्होंनें कहा कि कि वे हिंदू समाज की सेवा, संगठन और समरसता के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगे।



**पौधारोपण**

**महासमुंद।** वाहन चालक मालक संघ टैक्सी स्टैंड कचहरी चौक द्वारा एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण किया गया।



# पैडी ट्रांसप्लांटर तकनीक से धान रोपाई के लिए किसानों को किया जा रहा प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सोनदादर के कृषक मनोज चंद्राकर के खेत में धान की रोपाई पैडी ट्रांसप्लांटर के माध्यम से की जा रही है। इस आधुनिक तकनीक को लेकर उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने कृषक मनोज चंद्राकर से नर्सरी से लेकर रोपाई तक की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी ली एवं अन्य किसानों को भी इस प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उप संचालक कृषि कश्यप ने बताया कि धान रोपाई में आधुनिक मशीनों के उपयोग से किसानों को समय और श्रम की बचत होती है, साथ ही उत्पादन में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। कृषक मनोज चंद्राकर द्वारा इस तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है। अब तक जिले में लगभग 100 हेक्टेयर लक्ष्य में से 62 हेक्टेयर क्षेत्र रोप दिया गया है तथा शेष खेतों में रोपाई का कार्य प्रगति पर है। कृषि विभाग द्वारा अधिक से अधिक किसानों को यांत्रिक रोपाई (कतर रोपा) के प्रति प्रोत्साहित करना है, जिससे कृषि कार्यों में आधुनिकता और उत्पादकता को बढ़ावा मिल सके।

# अयोध्या धाम के लिए पिथौरा से श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

प्रदेश सरकार की तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत पिथौरा परिसर से श्रीरामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए विधिवत रूप से रवाना हुआ। जैसे ही तीर्थयात्रियों की बस रवाना हुई, पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष, पुष्पवर्षा और मंगल ध्वनियों से गुंजायमान हो उठा।

**विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने दिखाई हरी झंडी, मुख्यमंत्री तीर्थ योजना को बताया जनभावना से जुड़ी पहल**

बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह पहल न केवल धार्मिक आस्था को बल देती है, बल्कि लोगों को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा से गहराई से जोड़ती है। पिथौरा ब्लॉक से अयोध्या धाम के लिए कुल 30 श्रद्धालु (24 पुरुष एवं 6 महिलाएं) रवाना हुए। इस अवसर पर उषा पुरषोत्तम घृतलहरे, ब्रह्मानंद पटेल, स्वप्निल तिवारी, पुरषोत्तम घृतलहरे, विजय नायक, कवलजीत पम्मी छाबड़ा सहित पुष्पराज, गजेन्द्र, संजय गोयल, नानू सोनी, सतीश ध्रुव एवं अन्य मौजूद रहे।



# संकुल केंद्र खम्हरिया में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**कोमाखान (पटपरपाली)।** संकुल स्तरीय शिक्षक स्वागत एवं विदाई कार्यक्रम का आयोजन संकुल केंद्र खम्हरिया में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एवं छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर पर अक्षत-पुष्प चढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम में संकुल खम्हरिया से स्थानांतरित शिक्षक रज्जू लाल ध्रुव, यशवंत ठाकुर, प्रमोद चंद्राकर, बिमलेश्वरी दुबे, अनिता जांगड़े का विदाई एवं नवागत शिक्षक तोषण गिरी गोस्वामी, अजय चंद्राकर का स्वागत संकुल परिवार खम्हरिया की ओर से किया गया। कार्यक्रम में संकुल परिवार द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों द्वारा संकुल खम्हरिया में व्यतीत किए गए अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य नारायण चौधरी, संकुल समन्वयक चुम्मन लाल जगत, जीवन लाल सिन्हा, कार्तिक राम साहू, जनक राम सिन्हा, कल्पना मानिकपुरी, रमेश साहू, रानी गोस्वामी, आराधना चौहान, मनोज दीवान, उषा यदु, स्नेहलता बघेल, महेंद्र बघेल, रवि डहरिया, सीमा दीवान, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश बघेल एवं आभार प्रदर्शन महेंद्र बघेल ने किया।

# विधानसभा में चातुरी नंद ने उठाया चैंप्स व्यवस्था में अनियमितता का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

विधायक चातुरी नंद ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के तीसरे दिन प्रदेश में शक्ति चलित कृषि यंत्रों व उपकरणों के वितरण के लिए लागू चैंप्स व्यवस्था में अनियमितता मामले का कृषि मंत्री रामविचार नेताम का ध्यानाकर्षण कराया।

विधायक चातुरी नंद के ध्यानाकर्षण सूचना के जवाब में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अपने लिखित व्यक्तव्य में बताया कि प्रदेश के शक्ति चलित कृषि यंत्रो, सिंचाई पंपो, ड्रिप/स्प्रिंकलर के वितरण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी आधारित चैम्प्स व्यवस्था वर्ष 2017-18 से संचालित है, यह व्यवस्था प्रदेश में कृषि एवं उद्यानिकी ने यांत्रिकीकरण हेतु संचालित सभी केन्द्र प्रवर्तित एवं राज्य पोषित योजनाओ में यंत्रों के प्रदाय की व्यवस्था है। 14 मई 2025 को चैम्प्स पोर्टल खोलने के संबंध में पत्र द्वारा समस्त पंजीकृत प्रदायकों को सूचना दी गई है पोर्टल शाम कार्यालयीन समय के बाद प्रारंभ होने का प्रमुख कारण चैम्प्स पोर्टल के सिक्योरिटी ऑडिट नहीं होने के कारण चिप्स के द्वारा उसे तत्काल बंद कर दिया गया था। चैम्प्स प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा चिप्स से संपर्क एवं पत्राचार उपरांत पोर्टल 14 मई 2025 को सायं 5 बजकर 55 मिनट पर प्रारंभ हुआ। पोर्टल प्रारंभ होने के पश्चात सर्वर में समस्या (अधिक लोड) होने के कारण पोर्टल धीमे कार्य कर रहा था तथा कभी-कभी एरर भी प्रदर्शित कर रहा था। अतः पोर्टल पुनः 7.30 बजे खोले जाने संबंधी कथन सही नही है अपितु पोर्टल सायं 5.55 बजे प्रारंभ होने के पश्चात निरंतर खुला रहा।

कृषि मंत्री ने अपने जवाब में यह भी बताया कि पोर्टल प्रारंभ होने के पश्चात समस्या, केवल 02 ट्रेक्टर सोनालिका एवं महिन्द्रा द्वारा अधिकतम ऑनलाईन एन्ट्री की गई। जबकि, अन्य कंपनियों को पोर्टल में एन्ट्री करने के संबंध में पोर्टल से संबंधित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जांच हेतु सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में तकनीकी विशेषज्ञता रखने वाले विशेषज्ञों की समिति के माध्यम से जांच कराया जाना प्रक्रियाधीन है। प्रतिवेदन प्राप्त होने पर गुण-दोष के आधार पर यथोचित निर्णय लिया जाएगा। मंत्री के जवाब में यह बात भी सामने आईं कि टैफे ट्रैक्टर कंपनी के अधिकृत प्रदायक मेसर्स रिलायबल डिस्ट्रीब्यूटर, रायपुर द्वारा दिनांक 14.05.2025 को समय रात्रि 8.32 बजे ई मेल द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें पोर्टल में कृषकों के आवेदन की प्रविष्टि में समस्या आ रहीं है। जबकि, एक कंपनी के ही आवेदन पंजीकृत हो रहे है। पोर्टल के अवलोकन पर पाया गया कि 09 पंजीकृत प्रदायको द्वारा 206 आवेदन पोर्टल में पंजीकृत कराये गये है। चैम्प्स पोर्टल में पंजीकृत प्रदायको को लॉगिन पासवर्ड की सुविधा के साथ-साथ सभी इच्छुक कृषक जो चैम्प्स में सम्मिलित योजना का लाभ लेना चाहते है वे पोर्टल में सीधे पंजीयन करा सकते है। वर्ष 2024-25 में 506 एवं 2025-26 में अब तक 1763 किसानों द्वारा चैम्प्स पोर्टल में कृषि यंत्रो की प्राप्ति हेतु सीधे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। चैम्प्स पोर्टल में एक ही लॉगिन पासवर्ड का उपयोग कर विभिन्न कम्प्युटर सिस्टम, लेपटॉप आदि में उपयोग किये जाने की सुविधा है। यह सुविधा किसी प्रदायक विशेष के लिये न होकर समान रूप से सभी के लिए है। कृषि मंत्री के जवाब में यह भी उल्लेखित था कि संचालक कृषि एवं उद्यानिकी द्वारा चैम्प्स में सम्मिलित योजना के लक्ष्य वित्तीय वर्ष के प्रारंभमें जिलेवार जारी किये गये। योजना अंतर्गत बीज निगम मुख्यालय को जिलेवार, वर्गवार प्राप्त आवेदन एवं कृषक अंश के आधार पर भारत सरकार से प्राप्त राशि के उपयोग को दृष्टिगत रखते हुए संचालको को लक्ष्य संशोधन का प्रस्ताव भेजकर संशोधित लक्ष्य प्राप्त करने के उपरांत स्वीकृति जारी की गई है। दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर जिलो में प्रदायित प्रारंभिक लक्ष्य के विरुद्ध ट्रेक्टर तथा उपकरणो के आवेदन एवं कृषक अंश राशि प्राप्त नहीं होने के कारण उक्त लक्ष्य को अन्य जिलो में जहां वर्गवार अधिक प्रकरण पंजीकृत होने के साथ साथ कृषक अंश राशि भी जमा कराया गया है, उन जिलो को लक्ष्यो का पुर्नविभाजन करते हुए संशोधित लक्ष्य जारी किये जाते है। वर्ष 2024-25 में दंतेवाड़ा जिले में कुल 27 (25 ट्रैक्टर), बीजापुर में कुल 22 (17 ट्रैक्टर), सुकमा कुल 18 (14 ट्रैक्टर) एवं नारायणपुर कुल 08 (7) ट्रैक्टर) के आवेदन स्वीकृत कर कृषि यंत्र/उपकरण प्रदाय किये गये है। दिनांक 14 मई 2025 में ऑनलाईन पंजीयन संबंधी प्राप्त शिकायतो के परिपेक्ष्य में त्वरित कार्यवाही करते हुए 04 सदस्यीय जांच समिति गठित की गई। जांच समिति द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। समिति के अभिमत/अनुशंसा एवं गुण-दोष के आधार पर व्यवस्था में आवश्यक संशोधन करते हुए इसे और पारदर्शी एवं कृषकोन्मुखी बनाने की कार्यवाही की जाएगी। जिसमें जनप्रतिनिधियों की सहभागिता को सुनिश्चित किया जाएगा। विधायक चातुरी नंद ने कृषि मंत्री से सिर्फ एक दो ही ट्रैक्टर कंपनियों को पंजीयन होने पर सवाल उठाया और उच्च स्तरीय जांच की मांग की जिसको मंत्री ने स्वीकारते हुए पूरे प्रक्रिया की जांच का आश्वासन दिया। विदित हो कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद विधानसभा के मानसून सत्र में लगातार किसानों, युवाओं और महिलाओं की आवाज बुलंद कर रही है। जनहित के मुद्दे उठाने के लिए सरायपाली विधायक चातुरी नंद पूरे प्रदेश में एक विशिष्ट पहचान बना चुकी है।

## खबर संक्षेप



### खट्टी के दो आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया सुपोषण चौपाल

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खट्टी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2-3 में सुपोषण चौपाल मनाया गया। सुपोषण चौपाल में खट्टी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में एक गर्भवती महिला का गोद भराई किया गया। खट्टी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 में 2 गर्भवती महिलाओं किशोरी देवांगन और संगीता मिरी की गोद भराई किया गया। सही समय पर टीकाकरण और खान पान के बारे में समझाइश दिया व प्रसव अस्पताल में ही करवाने को कहा। प्रसव पूर्व चार जांच करवाना और 9 माह पूर्ण होने तक आयरन की 180 टेबलेट और कैल्शियम की 180 खाने के लिए समझाया और प्रसव पूर्व तैयारी के बारे में बताया। साफ सफाई के बारे में बताया और जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान कराने के बारे में समझाया गया। केंद्र में स्वास्थ्य विभाग से कमलेश्वरी ध्रुव, मनीष साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अहिमन घृतलहरे, रश्मि ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि प्रेमलाल साहू, पार्वती सतनामी व अन्य ग्रामीण भी शामिल रहे।

### ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक 20 को

**बिरकोनी।** छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक 20 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे बिरकोनी के चण्डी मंदिर में बैठक आहूत की गई है। जिसमें जिले के महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, सराईपाली के चारों ब्लाक के अध्यक्ष व ब्लाक पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष सुंदर लाल साहू ने बताया कि सभी ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ के सदस्यों से विचार विमर्श किया जाएगा। जिसमें ब्लाकों के अध्यक्ष की संघर्ष पूर्ण राशि जिला सचिव के पास जमा करना अनिवार्य है। जिला सचिव रामकुमार मोंगरे ने सभी पदाधिकारियों व ग्राम पंचायत भृत्य संघ के सदस्यों को बैठक में उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

### 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद के ग्राम बड़गांव के मृतक कमलेश निषाद की पत्नी कमला के लिए तथा विकासखंड पिथौरा अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु होने पर ग्राम बिजरापाली के मृतक बिसहत यादव की पत्नी सोनबाई यादव के लिए एवं ग्राम बरनाईदादर के मृतक विद्याधर यादव के पिता देवेंद्र यादव के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# धर्मांतरण कर ईसाई बन चुके आदिवासियों को 2026-27 की जाति जनगणना में डी-लिस्ट कर आरक्षण से बाहर किया जाएः भीखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्र एवं राज्य सरकार से अपील की है कि 2026-27 में होने वाली जातीय जनगणना में धर्मांतरण कर ईसाई बन चुके आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी से डी-लिस्ट (विलोपित) किया जाए एवं उन्हें आरक्षण सहित सभी संवैधानिक सुविधाओं से वंचित किया जाए। ठाकुर ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा और उससे मिलने वाले लाभ केवल उन लोगों के लिए है जो अपनी मूल परंपरा, संस्कृति और आस्था से जुड़े रहते हैं। लेकिन, वर्षों से धर्मांतरण के माध्यम से आदिवासी समुदाय में जबरन और छलपूर्वक बदलाव कर उन्हें ईसाई बनाया जा रहा है, जिससे समाज में सांस्कृतिक असंतुलन और आर्थिक-राजनैतिक विसंगतियां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आरक्षण का लाभ उन्हीं को मिलना चाहिए जो वास्तव में उपेक्षित और वंचित हैं। लेकिन, आज बड़ी संख्या में ऐसे लोग जो ईसाई धर्म स्वीकार कर चुके हैं, वे भी आदिवासी की श्रेणी में बने रहकर दोहरा लाभ उठा रहे हैं। यह न केवल संविधान की भावना के खिलाफ है, बल्कि मूल आदिवासी समाज के साथ अन्याय भी है। भीखम ने इस गंभीर विषय को उठाते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब सरकार को डी-लिस्टिंग कानून बनाकर जातीय जनगणना में इन लोगों को स्पष्ट रूप से अलग कर देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस मांग को लेकर देशभर में लंबे समय से संघर्ष हो रहा है और कई राष्ट्रवादी संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने इसे वर्षों पहले उठाया था।



उन्होंने बाबा कार्तिक उरांव जो कि झारखंड के सांसद और आदिवासी नेता रहे हैं, का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ने 1967–70 के बीच संसद में स्पष्ट रूप से यह कहा कि जिन्होंने ईसाई धर्म ग्रहण किया है, उनको (अनुसूचित जनजाति में) सूचीबद्ध नहीं किया गया है, और ना ही (अनुसूचित जनजाति में) सूचीबद्ध किया जा सकता है। उन्हें जनजातियों के आरक्षण-संरक्षण से वंचित होना चाहिए। क्योंकि, ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लेने के बाद उनका सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक जुड़ाव मूल जनजाति से टूट जाता है। बाबा कार्तिक उरांव ने इस मुद्दे पर 1969 में संसद की संयुक्त समिति को अपनी बात प्रस्तुत की, जिसने 17 नवंबर 1969 को इसे स्वीकार करने की सलाह दी, जब तत्कालीन केंद्रीय कांग्रेस सरकार (इंदिरा गांधी नेतृत्व) ने इसे रोकने का प्रयास किया, तो बाबा कार्तिक उरांव ने 10 नवंबर 1970 को 348 सांसदों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को सौंपा, जिसमें उन्होंने अंतिम रूप से आग्रह किया कि धर्मांतरण करने वालों को एसटी सूची से बाहर रखा जाए।

ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बहुल राज्य में यह समस्या अत्यंत गंभीर रूप ले चुकी है। सरकार को चाहिए कि वह प्रत्येक धर्मांतरित व्यक्ति का स्वतंत्र सत्यापन करे और ऐसे लोगों को आरक्षण सूची से तत्काल हटाया जाए। इससे न केवल सामाजिक न्याय सुनिश्चित होगा, बल्कि आदिवासी समाज को उनका वास्तविक हक और पहचान भी प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले दिनों में वे इस विषय पर ज्ञापन सौंपेंगे और एक जन अभियान की शुरुआत करेंगे, जिससे जनजागरूकता फैले और यह मांग जन आंदोलन का रूप ले सके।

## खल्लारी में वर्षो पुराना विशालकाय बरगद का पेड़ गिरा ...



**खल्लारी।** खल्लारी मातेश्वरी माता राऊर प्रांगण का पुराना बरगद क पेड़ आज गिर गया। इस पेड़ के गिरने से पुरातत्व विभाग के भवन का ऊपरी हिस्सा एक जगह से थोड़ा सा क्षतिग्रस्त भी हो गया है। कुछ लोग बताते हैं कि यह पेड़ खल्लारी मातेश्वरी मंदिर स्थापना के समय रोपित किया गया था, जो कि यह पेड़ माता राऊर मंदिर परिसर का बहुत ही पुराने पेड़ों में से है। इस पेड़ ने लाखों दर्शनार्थियों को अपना छाया प्रदान किया है। इसी पेड़ के नीचे ज्यादातर लोगों का धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व ग्रामीण बैठक सहित कई शासकीय योजनाओं का आयोजन भी होते रहे हैं। वहीं वट सावित्री व्रत पर्वों के दिनों में इसी विशालकाय बरगद पेड़ का महिलाएं पूजा कर अपने अपने पति के लिए लंबी उम्र की कामना भी करती थी। साथ ही बरगद पेड़ के नीचे बना चबूतरा ग्रामीणों के बैठक का केंद्र हुआ करता था। गनीमत रही कि जिस समय पेड़ गिरा उस समय वहां पर कोई मौजूद नहीं थे वरना किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घट सकती थी। फिलहाल, पेड़ के गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई है।

## वेट लिफ्टिंग में किरण ने जीता स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/बागबाहरा

छत्तीसगढ़ राज्य वेटलिफ्टिंग संघ द्वारा 13 जुलाई 25 रविवार को एक दिवसीय अस्मिता खेलो इंडिया विमेंस लीग वेट लिफ्टिंग टूर्नामेंट का आयोजन पाटन ( दुर्ग ) में किया गया। इस प्रतियोगिता में बागबाहरा से किरण बघेल ने 53 किलोग्राम में प्रथम रहते हुये स्वर्ण पदक हासिल करने में सफल हुई तथा ट्विंकल अवाडे 48 किलोग्राम वजन वर्ग में छठवें स्थान पर रहीं।

बता दें कि किरण ने 20 अन्य खिलाड़ियों को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होकर किरण 5 सितंबर 2025 से 10 सितंबर 2025 तक कोलकाता (वेस्ट बंगाल) में आयोजित राष्ट्रीय अस्मिता खेलो इंडिया विमेंस लीग में दमखम दिखाती नज़र आएंगी। किरण ने सफलता का श्रेय अपने पति एवं कोच सुमीत बघेल, बेटी प्रिंसी एवं परिवार को दिया। किरण की इस सफलता के लिए जिला वेट लिफ्टिंग संघ एवं जिम टाउन फिटनेस के संचालक अनमोल छबड़ा, खिलेंद्र छेत्रपाल, आयुष चंद्राकर, तुषार निषाद एवं मित्रो ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभेच्छा जताई।

## रामलला दर्शन के लिए विधायक ने तीर्थयात्रियों को किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना रामलला दर्शन योजना के तहत मंगलवार को महासमुंद से यात्रियों का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बस को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। साथ ही उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। जय श्री राम के उद्घोष के साथ यात्री बस से रायपुर के लिए प्रस्थान किए। रायपुर से उन्हें विशेष ट्रेन के माध्यम से अयोध्या ले जाया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर के दर्शन कराने की मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री बनने के 100 दिन में ही कदम उठाया था। उसी के फलस्वरुप प्रदेश के हजारों श्रद्धालुओं ने श्री रामलला दर्शन का पुण्यलाभ लिया है। आगे भी इस योजना के माध्यम से प्रदेश की जनता अयोध्या धाम के दर्शन करेंगी। आगे कहा कि रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलता है, जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। सभी श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के यात्रा करते हुए अयोध्या पहुंचेंगे और दर्शन कर वापस लौटेंगे।

## भगवान काशी विश्वनाथ व रामलला के दर्शन करेंगे 36 श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

36 श्रद्धालु भगवान काशी विश्वनाथ व रामलला के दर्शन करेंगे। मंगलवार को यात्रा में जा रहे श्रद्धालुओं की बस को जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं के चेहरे में पवित्र श्रावण मास में 12 ज्योर्तिलिंग में से एक काशी विश्वनाथ के दर्शन की आध्यात्मिक खुशी नजर आ रही थी। तीर्थयात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं का उत्साह देखकर केशव नायकराम चंद्राकर ने कहा कि काशी विश्वनाथ में आप लोग पवित्र ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकेंगे और छत्तीसगढ़ के भांजा रामलला का दर्शन कर उत्तर भारत के तीर्थ स्थलों को देखने का यह सुंदर अवसर है। वहीं बुजुर्गों से काशी विश्वनाथ व रामलला में दर्शन कर खल्लारी क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना करने की बात कही। महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने बताया कि इस योजना के तहत उन श्रद्धालुओं को यह तीर्थ करने का अवसर प्राप्त हो रहा है, जो अब तक आर्थिक समस्याओं के कारण तीर्थ यात्रा से वंचित रह गए हैं।



इस अवसर पर खिलेश्वरी छोटू बघेल नपाध्यक्ष, जिपं उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर डिंपल डॉली ध्रुव मंडल अध्यक्ष बागबाहरा, भूपेंद्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, रूपेश साहू मंडल अध्यक्ष ग्रामीण, नितिन जैन मंडल अध्यक्ष कोमाखान, दुबे लाल साहू जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, रोशन सोनी, बलवीर बग्गा, चिंतन राज पनूरिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व नागरिकगण उपस्थित थे।

## पृथ्वी मां के स्वास्थ्य में योगदान करते हैं वृक्षः अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत ईको क्लब द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं, पेड़ों के होने से ही मनुष्य सहित सभी प्राणियों का जीवन सरल है। वृक्षों की अधिकता होने पर ही पर्यावरण संतुलित रहता है। पर्यावरण की असंतुलन के कारण ही आज ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक समस्या हमारे समीप खड़ी है। ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या से निजात पाने के लिए पर्यावरण संरक्षण करते हुए पेड़ लगाकर उन पेड़ों का सुरक्षा करना भी हमारा कर्तव्य है। एक पेड़ मां के नाम का सार एक प्रतीकात्मक भाव है। अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना। यह सरल कार्य दोहरा उद्देश्य पूरा करता है। जीवन के पोषण में माताओं की भूमिका का सम्मान और पृथ्वी के स्वास्थ्य में योगदान। पेड़ जीवनदायी होते हैं, और एक मां की तरह, वे अगली पीढ़ी को पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं। इस पहल के माध्यम से प्रतिभागी न केवल अपनी माँ के सम्मान में एक स्थायी स्मृति बनाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की महती आवश्यकता को भी संबोधित करते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक प्रतिमा चंद्राकर, रवि देवांगन, तरुण बांधे, कार्यालय प्रभारी जगतारण दास बघेल, शेष नारायण साहू, नानक साहू एवं सबिता तुर्के उपस्थित थे।



### सत्यापन के लिए 9 के पहले जमा करा सकते हैं दस्तावेज

**महासमुंद।** नयापारा नोडल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए द्वितीय चरण के प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन करने वालों को अपना मूल दस्तावेज की छायाप्रति प्राचार्य अमी रूफस के पास तुमाडबरी स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में कार्यालयीन समय में 19 जुलाई से पूर्व जमा करना होगा। नोडल अधिकारी द्वारा दस्तावेज सत्यापन पश्चात आनलाइन आवेदन राज्य को अग्रेषित किया जाएगा। निर्धारित तिथि के बाद दस्तावेज सत्यापन के लिए नहीं लिया जाएगा।

# रोजगार चाहिए तो हर क्षेत्र के लिए हुनर एवं तकनीकी ज्ञान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 15 जुलाई को उद्योग अकादमिक, एकीकरण कौशल/ उद्यमिता एवं रोजगार विकास प्रकोष्ठ एवं खेल युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य के निर्देशानुसार विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अशोक साहू सहायक संचालक कौशल विकास केंद्र, जीतू सिंह तोमर प्रबंधक बैंक ऑफ़ बड़ोदा, समीर चंद्राकर प्रोजेक्ट ऑफिसर अंबुजा फाउंडेशन, वसुंधरा साहू जिला युवा अधिकारी नेहरू विकास केंद्र उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी वक्ताओं का स्वागत बैच लगाकर एवं पुष्प गुच्छ द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य करूणा दुबे द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने स्वागत उद्बोधन में पढ़ाई के साथ-साथ स्किल को निखारने और धन अर्जन करना बताया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता अशोक साहू द्वारा अपना उद्बोधन हुनर है तो कदर है वाक्य से प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में डिजिटल साक्षरता जरूरी है। अगर रोजगार चाहिए तो हर क्षेत्र के लिए हुनर एवं तकनीकी ज्ञान जरूरी है। भारत सरकार द्वारा कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं ग्रामीणों के लिए कौशल विकास योजना चलाई जाती है, युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए लीड बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों द्वारा युवा स्वरोजगार कर सकते है एवं स्वयं के साथ-साथ दूसरों को रोजगार उपलब्ध कराते है। तत्पश्चात जीतू सिंह तोमर द्वारा लोन संबंधित जानकारी दी गई, जिसमें उन्होंने लोन कौन ले सकता है, किस चीज के लिए लोन दिया जाता है, इन सब की जानकारी दी एवं छात्र-छात्राओं से प्रश्नोत्तरी किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि लोन लेने से पहले काम सीखना पड़ता है, जिससे उस लोन के जरिए इनकम जनरेट हो सके। बैंक लाभ अर्जित करने के लिए लोन देती है।



सहायक ओम प्रकाश पटेल द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा में स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है उसके बारे में बताया। तत्पश्चात समीर चंद्राकर द्वारा अपने वक्तव्य में युवा कौशल विकास में युवा क्यों जोड़ा गया, कौशल एवं विकास का अर्थ समझाया। स्किल क्यों जरूरी है इसके बारे में बताएं उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जो दिखता है वही बिकता है। उन्होंने अपने फाउंडेशन द्वारा संचालित सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के अंतर्गत होने वाले प्रशिक्षण को बताया। अंत में वसुंधरा साहू ने अलग-अलग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए छात्रों को प्रेरित किया एवं नेशनल लेवल तक रिप्रेजेंट करने के लिए कहा महाविद्यालय की ऋतिक पहारिया ने अपना एक्सपीरियंस बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कन्हेर सहायक प्राध्यापक एवं प्रकोष्ठ के संयोजक दिलीप कुमार बढ़ाई आभार जताया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक मालती तिवारी, अजय कुमार राजा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, मनबोध चौहान सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, मनीषा प्रधान सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, मुकेश कुमार साहू मुख्य लिपिक, केशर कुमार कश्यप, राकेश जांगड़े एवं अन्य महाविद्यालय स्टाफ, एनएसएस, एनसीसी एवं विभिन्न कक्षाओं के छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का अंत एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य एवं वक्ताओं द्वारा पौधारोपण कर किया गया। यह जानकारी प्रकोष्ठ की मीडिया प्रभारी मनीषा प्रधान ने दी है।

